Reg.No. 35KH Dated 30/1/84

# Sri Ganganagar Zila Dugdh Utpadak Sahakari Sangh Ltd

(FSMS ISO 22000:2018 CERTIFIED ORGANIZATION)

क्रमांक नं0/गंगमूल/अभि0. /24-25/ 8576-79 दिनांक 22.10.2024

## निविदा सूचना

संघ द्वारा दो वर्ष की अवधि के लिये संघ में स्वचालित तिपहिया वाहन मय चालक किराये पर लगाने हेतु सील बन्द निविदांए आमंत्रित की जाती है। इस कार्य हेतु निविदा प्रपत्र रूपये 236 /- जी0एस0टी0 सहित के नगद भुगतान पर दिनांक 29.10.2024 दोपहर 1.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण भरे हुये निविदा प्रपत्र मय अमानत राशि रूपये 2500.00/- रूपये के उसी दिन दोहपर 2.00 बजे तक स्वीकर किये जाकर सायं 3 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोले जावेंगे। अन्य सुचना/शर्ते एस0पी0पी0 पोर्टल पर या संघ के अभियांत्रिकी कार्यालय मे देखी जा सकती हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि0 जयपुर हेल्पलाइन न0 0141-2709444,2709445

(उग्रसेन सहारण)
प्रबन्ध संचालक

प्रतिलिपिः—

1. संपादक दैनिक ................................................... को भेजकर लेख है कि आप उक्त निविदा सूचना को अपने समाचार पत्र में शीघ्रातिशीघ्र एक बार संघ के लोगों सहित प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. प्रभारी एम0आई0एस0 / प्रभारी लेखा
3. ए.पी.एस. प्रबन्ध संचालक।
4. कार्यालय पत्रावली/रक्षित पत्रावली।
5. नोटिस बोर्ड।

प्रबन्ध संचालक

GANGMUL, INDUSTRIAL AREA, HANUMANGARH JN-335512
Phone No. 01552- (F) 260735, (O) 260588, 260522, Fax No. 01552-262847, Email:- gngmu-rj@nic.in

"GANGMUL" STD- 01552(F) 260735, (O) 260588/ 260522

SRI GANGANAGAR ZILA DUGDH UTPADAK SAHAKARI SANGH LTD.

Industrial Area, HANUMANGARH JN. 335512 (RAJASTHAN)

प्रबन्ध संचालक श्री गंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि० हनुमानगढ़ जंक्शन

मूल्य - 236 रूपये जीएसटी सहित

## स्वचालित तिपहिया वाहन (ऑटो टैम्पो) मय चालक हेतु निविदा प्रपत्र

श्रीमान प्रबन्ध संचालक महोदय,
गंगमूल डेयरी, हनुमानगढ़ जंक्शन।

| | |
|---|---|
| टैंण्डर फार्म क्रय करने की तिथि व समय | दिनांक 22.10.24 |
| टैंण्डर फार्म जमा करवाने की तिथि व समय | दिनांक 29.10.24 दोपहर 2.00 बजे तक |
| टैण्डर फार्म खोलने की तिथि व समय/स्थान | दिनांक 29.10.24 दोपहर 3.00 बजे, संघ कार्यालय, हनुमानगढ़ |

1. निविदादाता का नामः ..............................................................................................

2 निविदादाता का पताः ..............................................................................................
..............................................................................................
..............................................................................................

3 अमानत राशि जमा कराने का विवरणः रसीद संख्या.........................दिनाक.........................
रकम 2500/- रूपये।

4 ऑटो टैम्पो की दरें निम्न प्रकार है–

ऑटो टैम्पो प्रतिदिन रूपये (अंको में)..............................................................

रूपये(शब्दों में)..............................................................

5 निविदा खोलने की दिनांकः 29.10.2024

6 ऑटो टैम्पो संख्या ..............................................................

7 ऑटो टैम्पो चालक का नाम ..............................................................

8 ऑटो टैम्पो, चालक का लाईसेन्स संख्या..............................................................

उपरोक्त निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न सभी शर्तो को मैंनें पढ़ लिया व सुन लिया है एवं मुझे मान्य है। मेरे द्वारा दी गई सभी सूचनाओं में किसी सूचना के वर्तमान व भविष्य में असत्य पाये जाने पर मेरे खिलाफ कार्यवाही करने का आपको पूर्ण अधिकार होगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

Incharge Plant 22/10/24 Prince Bhutela Incharge Engg. Incharge Q.C. A.O./ Rep.

# निविदा शर्ते

1. स्वचालित तिपहिया वाहन (ऑटो टैम्पो) अच्छी स्थिति में होना चाहिये।
2. ऑटो टैम्पों की सेवायें प्रतिदिन 9.00AM से 5.30PM तक उपलब्ध करवानी होगी तथा संघ की आवश्यकतानुसार उक्त समय के अतिरिक्त भी वाहन रोका / बुलाया जा सकता है। इसका समयावधि के अनुसार अलग से भुगतान किया जावेगा।
3. ठेका/निविदा स्वीकृत होने के दो दिवस में स्वीकृत ठेकेदार को धरोहर राशि के रूप में रूपये 10,000/– गंगमूल डेयरी में जमा करवाने होंगें। उक्त धरोहर राशि 10,000/– के पेटे अमानत के रूप में जमा करवाये गये रूपये 2500/– समायोजित कर लिये जावेंगें। धरोहर राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। धरोहर राशि निविदा समाप्ति पर, कार्य सन्तोषजनक एवं बकाया नहीं प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर लौटाई जावेगी। धरोहर राशि दो दिवस में जमा नहीं करवाने पर अमानत राशि रूपये 2500/– जब्त कर ली जावेगी।
4. निविदादाता द्वारा ऑटो टैम्पो बदलने की स्थिति में संघ से पूर्व अनुमति लेनी होगी।
5. ऑटो टैम्पों का उपयोग संघ के विभिन्न कार्यो हेतु किया जायेगा। जिसमें लोडिंग व सवारियॉ शामिल है। इसमें निविदादाता का किसी भी तरह का ऐतराज मान्य नहीं होगा।
6. निविदादाता द्वारा टैम्पों का बिल माह में एक बार दो प्रतियों में देना होगा जिसमें से आयकर कटौति के पश्चात् बिल का भुगतान चैक द्वारा किया जायेगा।
7. निविदादाता द्वारा दरें दो वर्ष हेतु भरी जायेगी तथा अनुबन्ध की अवधि दो वर्ष के लिये मान्य होगी। यह दरे सभी कर सहित होगी। अनुबन्ध की अवधि समाप्त होने पर आवश्यकता हुई तो अनुबन्ध को उसी दर व शर्तो पर संघ द्वारा आगामी 03 माह तक के लिये और बढाया जा सकता है जो ठेकेदार को मान्य होगा।
8. ठेके की अवधि में किसी भी दिन टैम्पों नहीं भिजवाने पर निविदादाता की कीमत पर बाजार से टैम्पो किराये पर लिया जायेगा, जिसके अन्तर का भुगतान निविदादाता से वसूल किया जायेगा एवं रूपये 200/– प्रतिदिन के हिसाब से जुर्माना भी पृथक से लगाया जा सकता है।
9. जमा धरोहर राशि रूपये 10000 का भुगतान ठेकेदार को ठेका समाप्त होने पर "कोई बकाया नही" प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर किया जायेगा। बिना अमानत राशि के निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

Prince Phutela

Incharge Plant    Incharge Engg.    Incharge Q.C.    A.O./ Rep.

10. ठेके की अवधि में कार्य सन्तोषजनक नहीं होने पर ठेका निरस्त किया जा सकता है तथा संघ में जमा धरोहर राशि जब्त कर भविष्य में ठेका देने से भी वंचित कर दिया जायेगा।

11. वाहन चालक / ठेकेदार के पास टैम्पो चलाते समय अपना ड्राईवींग लाईसेंस होना चाहिए। प्रभारी अभियांत्रिकी द्वारा कभी भी चेक करने पर यदि ड्राईवींग लाईसेंस नहीं पाया जाता हैं तो 500/–रूपये की शास्ति लगाई जायेगी।

12. सफल निविदादाता को संघ के प्रभारी अभियांत्रिकी को वाहन का रजिस्ट्रेशन का प्रमाण–पत्र व अन्य कागजात व चालक का लाईसेन्स चैक करवाना होगा व वाहन को भी चैक करवाना होगा। उक्त के संदर्भ में किसी भी प्रकार की कमी पाये जाने पर धरोहर राशि जब्त कर ठेका अन्य को दे दिया जायेगा। उक्त चैकिंग निविदा खोलने की दिनांक से एक सप्ताह के अन्दर–अन्दर करवानी होगी।

13. निविदादाता की अन्य कोई शर्ते मान्य नहीं होगी व तिपहिया वाहन चालक को कोई अतिरिक्त मानदेय नहीं होगा।

14. ऑटो टैम्पो मालिक/चालक को स्वयं हेतु अवकाश की आवश्यकता होने पर संघ से पूर्व अनुमति लेनी होगी एवमं टैंम्पो व टैंम्पो चालक की वैकल्पिक व्यवस्था करनी होगी।

15. डीजल की दरें बढनें या घटने पर टैम्पों के किराये की दर में बढ़ोतरी 1 ली0 डीजल प्रतिदिन खपत मानते हुए की जायेगी। इसके लिए डीजल की आधार दर दिनांक 16.10.24 को (रूपये 91.62/लीटर) लागू रेट मानी जायेगी एवं दर संशोधन हर माह के प्रथम दिन 01 तारीख की दर की अन्तर राशि का आधार माना जायेगा।

16. सफल निविदादाता को संघ के साथ निर्धारित प्रपत्र पर 100/– रू0 के नॉन ज्यूडिसियल स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना होगा।

17. यह ठेका स्वीकृत निविदादाता द्वारा किसी अन्य व्यक्ति को स्थानान्तरित नही किया जा सकता है।

18. सफल निविदादाता को संघ का नोमिनल सदस्य रूपये 100/– के भुगतान पर बनना होगा।

19. सफल निविदादाता को अपना PAN नम्बर उपलब्ध करवाना होगा, जिसके अभाव में ठेकेदार के बिल का भुगतान किया जाना सम्भव नहीं होगा।

20. सभी विवादो का न्याय क्षेत्र हनुमानगढ होगा ।

उपरोक्त सभी शर्ते मुझे मान्य है एवं मैं सभी शर्तो का पालन करूगां।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

Prince Phutela

Incharge Plant | Incharge Engg. | Incharge Q.C. | A.O./ Rep.